प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 105-

# SECONDARY SENT-UP EXAMINATION - 2022
# माध्यमिक उत्प्रेषण परीक्षा - 2022

## SANSKRIT ( SIL )

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet
Set Code

**A**

## संस्कृत ( SIL )

विषय कोड :
**Subject Code :** **105**

कुल प्रश्न : 100 + 5 = 105
**Total Questions : 100 + 5 = 105**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — ***खण्ड-अ*** एवं ***खण्ड-ब***।
6. ***खण्ड-अ*** में ***100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न*** हैं, जिनमें से ***किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए ***1 अंक*** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये ***OMR*** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को ***नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।**

**50 × 1 = 50**

1. 'गायिका' में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) डाप्	(B) टाप्

(C) चाप्	(D) ऊङ्

2. 'एक + दा' से कौन-सा अव्यय बनेगा ?

(A) एकदा	(B) एकधा

(C) एकत्र	(D) ऐक्यम्

3. 'हन् + ल्युट्' से कौन-सा पद बना है ?

(A) हन्ता	(B) हनन्

(C) हननम्	(D) हनितम्

4. 'पश्यति' में धातु क्या है ?

(A) दृश्
(B) दृप्
(C) पश्
(D) पण्

5. 'दुहितृ' शब्द का रूप किसके समान चलेगा ?

(A) दातृ
(B) भ्रातृ
(C) जमातृ
(D) मातृ

6. 'आङ्' उपसर्ग किस पद में है ?

(A) आचार:
(B) आद्य:
(C) आधिकारिकम्
(D) आर्थिकम्

7. 'शास्त्रकारा:' पाठ में कौन वर्ग से निष्क्रमण करते हैं ?

(A) छात्र
(B) शिक्षक
(C) निरीक्षक
(D) प्रधानाध्यापक

8. 'कणाद' किस दर्शन के प्रवर्तक हैं ?

(A) योगदर्शन
(B) सांख्यदर्शन
(C) न्यायदर्शन
(D) वैशेषिक दर्शन

9. 'मङ्गलम्' पाठ में सत्य के मुँह से पर्दा हटाने की प्रार्थना किससे की गई है ?

(A) पूषन् से
(B) इन्द्र से
(C) सूर्य से
(D) शिव से

10. शास्त्र कितने तरह के होते हैं ?

(A) पाँच
(B) दो
(C) तीन
(D) छः

11. 'पाणिनि कृतं किं प्रसिद्धम्' पाणिनि कृत क्या प्रसिद्ध है ?

(A) विज्ञानम्
(B) साहित्यम्
(C) न्यायदर्शनम्
(D) व्याकरणम्

12. 'क्रियां विना भारः किम् ?' क्रिया के बिना भार क्या है ?

(A) ज्ञान
(B) ध्यान
(C) दान
(D) मान

13. 'कः वैरं प्रवर्धयति ?' कौन वैर को बढ़ाता है ?

(A) परमार्थ
(B) स्वार्थ
(C) सद्भाव
(D) सत्य

14. 'कर्मवाच्य' के कर्म में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) द्वितीया
(B) षष्ठी
(C) प्रथमा
(D) चतुर्थी

15. 'कण्ठाभरणम्' का विग्रह क्या होता है ?

(A) कण्ठे आभरणम्
(B) कण्ठाय आभरणम्
(C) कण्ठेन आभरणम्
(D) कण्ठस्य आभरणम्

16. 'साधकतमं करणम्' किस कारक का विधायक सूत्र है ?

(A) करण
(B) सम्प्रदान
(C) अधिकरण
(D) कर्म

17. 'कालान्तरेण' का सही संधि विच्छेद क्या होगा ?

(A) काल + अन्तरेण
(B) काला + अन्तरेण
(C) काल + आन्तरेण
(D) काला + आन्तरेण

18. 'निः + गतम्' की सन्धि क्या होगी ?

(A) निगतम्
(B) निर्गतम्
(C) निरगतम्
(D) नीर्गतम्

19. समास में किसका मेल होता है ?

(A) वर्णों का
(B) स्वरों का
(C) विभक्ति रहित पदों का
(D) वाक्यों का

20. 'जले मग्नम्' का समस्त पद है

(A) जलाशयः
(B) जलमयम्
(C) मग्नजलम्
(D) जलमग्नम्

21. 'सर्वतः' के योग में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) द्वितीया
(B) षष्ठी
(C) सप्तमी
(D) पञ्चमी

22. 'अपिहितम्' में उपसर्ग क्या है ?

(A) अप
(B) अपि
(C) अव
(D) अधि

23. 'साधवे' किस विभक्ति का रूप है ?

(A) प्रथमा
(B) तृतीया
(C) चतुर्थी
(D) पञ्चमी

24. 'पठ्' किस लकार का रूप है ?

(A) लट्
(B) लङ्
(C) लोट्
(D) लृट्

25. 'कृतवान्' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) क्त
(B) शानच्
(C) शतृ
(D) क्तवतु

26. किस पद में 'तमप्' प्रत्यय है ?

(A) अल्पीयान्
(B) अल्पतमम्
(C) अल्पता
(D) अल्पत्वम्

27. 'भवानी' में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) ङीप्
(B) ङीष्
(C) ङीन्
(D) ति

28. पटना का कौन-सा नाम पाटल पुष्प की पुत्तलिका निर्माण के आधार पर है ?

(A) पटना
(B) पुष्पपुर
(C) कुसुमपुर
(D) पाटलिपुत्र

29. किसके शासन काल में पटना में कौमुदी महोत्सव मनाया जाता था ?

(A) मुगलों के शासन काल में
(B) गुप्त काल में
(C) आंग्ल शासन काल में
(D) मौर्य काल में

30. 'मङ्गलम्' पाठ का 'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम् ............ ।' मन्त्र किस उपनिषद् से संकलित है ?

(A) ईशोपनिषद् से
(B) कठोपनिषद् से
(C) मुण्डकोपनिषद् से
(D) श्वेताश्वेतरोपनिषद् से

31. दामोदर गुप्त ने 'महीतल तिलकम्' किसे कहा है ?

(A) पाटलिपुत्र को
(B) शारिपुत्र को
(C) मोदफलपुर को
(D) हस्तिनापुर को

32. पाणिनिपिङ्गल आदि आचार्य कहाँ परीक्षित होकर प्रसिद्ध हुए ?

(A) काशी
(B) मिथिला
(C) पाटलिपुत्र
(D) नालन्दा

33. मध्यकाल में पटना कितना पुराना हो गया था ?

(A) एक हजार वर्ष

(B) दो हजार वर्ष

(C) ढाई हजार वर्ष

(D) पाँच सौ वर्ष

34. 'मङ्गलम्' पाठ में कैसे मन्त्रों का संकलन है ?

(A) पद्यात्मक

(B) गद्यात्मक

(C) वर्णनात्मक

(D) रचनात्मक

35. एशिया महादेश का सबसे लम्बा पुल है

(A) धनुष सेतु

(B) गाँधी सेतु

(C) जे० पी० सेतु

(D) विक्रमशिला सेतु

36. किन्होंने आलसियों को बाहर किया ?

(A) नियोगिपुरुष

(B) मंत्री वीरेश्वर

(C) चालाक पुरुष

(D) कम आलसी

37. अलसशाला में लगी आग की लपटों को बढ़ते हुए देखकर धूर्त क्यों भाग गये ?

(A) मंत्री वीरेश्वर को मारने के लिए

(B) अपनी जान बचाने के लिए

(C) नियोगिपुरुषों को मारने के लिए

(D) आग बुझाने के लिए

38. स्त्रियों की गति है

(A) पिता

(B) पुत्र

(C) पति

(D) भाई

39. निरीहों ( निर्गतियों ) में सर्वाधिक निरीह किसे माना गया है ?

(A) अनाथों को

(B) दुर्गतियों को

(C) आलसियों को

(D) रोगियों को

40. 'युवतिः' पद में कौन-सा स्त्री प्रत्यय है ?

(A) ङीप्

(B) ति

(C) ङीष्

(D) ङीन्

41. 'मानव + त्व' से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) मानवता (B) मानवीयम्

(C) मानवी (D) मानवत्वम्

42. कौन-सा पद 'मतुप्' प्रत्यय से बना है ?

(A) शक्तिमान् (B) सामयिकम्

(C) सहायता (D) धुम्रमयम्

43. 'आ + गम् + ल्यप्' से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) आगमनम् (B) आगतम्

(C) आगत्वा (D) आगत्य

44. 'जि' धातु के लोट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रूप क्या है ?

(A) जयति (B) जयेत्

(C) जेष्यति (D) जयतु

45. 'अहम्' पद का मूल रूप क्या है ?

(A) अस्मद् (B) युष्मद्

(C) एतत् (D) इदम्

46. किस पद में 'उत्' उपसर्ग नहीं है ?

(A) उद्भवम्
(B) उत्साहः
(C) उपर्युक्त
(D) उद्बोधनम्

47. प्रातिपदिक शब्दों में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) तृतीया
(B) प्रंथमा
(C) षष्ठी
(D) पञ्चमी

48. 'दुग्धात् नवनीतम् जायते ।' वाक्य के 'दुग्धात्' पद में पञ्चमी विभक्ति किस सूत्र से हुई है ?

(A) जनिकर्तुः प्रकृतिः
(B) भुवः प्रभवः
(C) आख्यातोपयोगे
(D) अपदाने पञ्चमी

49. द्विकर्मक धातुओं के प्रयोग में गौण कर्म से कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) द्वितीया
(B) प्रथमा
(C) षष्ठी
(D) तृतीया

50. 'घोटकः तीव्रं धावति ।' वाक्य के 'तीव्रम्' पद में द्वितीया विभक्ति किस सूत्र से हुई है ?

(A) अभिनिविशश्च

(B) अन्तराऽन्तरेण युक्ते

(C) कर्मणि द्वितीया

(D) क्रिया विशेषणे द्वितीया

51. 'चार्थे द्वन्द्वः' सूत्र का उदाहरण है

(A) राजपुरुषः

(B) पार्वतीपरमेश्वरौ

(C) अपुत्रः

(D) महादेवः

52. 'गङ्गायाः समीपम्' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) गङ्गासमीपम्

(B) गङ्गातीरम्

(C) गङ्गातटम्

(D) उपगङ्गम्

53. किस पद में व्यञ्जन सन्धि है ?

(A) अद्यावधिः

(B) पटनेति

(C) दिगम्बरः

(D) सादरम्

54. 'नयनम्' में कौन-सी सन्धि है ?

(A) स्वर

(B) व्यञ्जन

(C) विसर्ग

(D) इनमें से कोई नहीं

55. 'सदैव' में किन-किन वर्णों की सन्धि हुई है ?

(A) अ + ए (B) आ + ऐ

(C) आ + ए (D) अ + ऐ

56. आज दुनिया के अनेक राज्यों में परस्पर क्या चल रहा है ?

(A) गृहयुद्ध (B) शीतयुद्ध

(C) धर्मयुद्ध (D) ज्ञानयुद्ध

57. विश्वविध्वंसक अस्त्रों से किसका भय है ?

(A) शान्ति भंग होने का (B) धर्म के नाश का

(C) मानवता के नाश का (D) ज्ञान के नाश का

58. कर्ण शक्र को छठी बार क्या देना चाहा ?

(A) अनेक हजार घोड़ा (B) अग्निष्टोम का फल

(C) पृथ्वी (D) सोना

59. 'कर्णस्य दानवीरता' पाठ में 'भगवन्' किमिच्छसि' किसका कथन है ?

(A) कर्ण (B) शक्र

(C) शल्य (D) कवि

60. 'शिक्षा क्षयं गच्छति ..........' – रिक्त स्थान में उचित पद भरें ।

(A) दत्तात्

(B) कालपर्ययात्

(C) अधीतात्

(D) ज्ञातात्

61. किसने कर्ण से उसका कवच और कुण्डल छलपूर्वक दान में ले लिया ?

(A) कुन्ती

(B) श्रीकृष्ण

(C) शक्र

(D) शल्य

62. 'व्याघ्रपथिक कथा' में किसका दुष्परिणाम वर्णित है ?

(A) काम का

(B) क्रोध का

(C) मोह का

(D) लोभ का

63. 'व्याघ्रपथिक कथा' का बाघ पथिक को कहाँ मिला ?

(A) तालाब किनारे

(B) नदी किनारे

(C) समुद्र तट पर

(D) गङ्गा तट पर

64. अनिष्ट के माध्यम से प्राप्त इष्ट का फल कैसा होता है ?

(A) शुभ

(B) अशुभ

(C) कल्याणकारी

(D) रक्षात्मक

65. 'भाग्येनैतत्सम्भवति ।' किसका कथन है ?

(A) बाघ का

(B) अर्जुन का

(C) पथिक का

(D) विष्णु शर्मा का

66. 'मन्दाकिनीवर्णनम्' पाठ में विचित्रपुलिना किसका विशेषण है ?

(A) सीताजी का

(B) सरस्वती नदी का

(C) यमुना नदी का

(D) मन्दाकिनी नदी का

67. 'मन्दाकिनीवर्णनम्' पाठ कहाँ से ली गई है ?

(A) कुमारसंभवम्

(B) किरातार्जुनीयम्

(C) रघुवंशम्

(D) नैषधीयचरितम्

68. किस काल में अनेक कुरीतियाँ भारतीय समाज को दूषित कर रही थीं ?

(A) आदिकाल में

(B) मध्यकाल में

(C) आधुनिक काल में

(D) उत्तर आधुनिक काल में

69. किस शिक्षा से मूलशङ्कर का अध्ययन आरम्भ हुआ ?

(A) संस्कृत शिक्षा से
(B) अंग्रेजी शिक्षा से
(C) इस्लामिक शिक्षा से
(D) पाश्चात्य शिक्षा से

70. स्वामी दयानन्द ने वेदभाष्य की रचना किस भाषा में की ?

(A) संस्कृत गुजराती
(B) संस्कृत हिन्दी
(C) संस्कृत अंग्रेजी
(D) संस्कृत मराठी

71. स्वामी दयानन्द ने आर्यसमाज की स्थापना कहाँ की ?

(A) कलकत्ता नगर में
(B) कन्याकुमारी में
(C) बम्बई नगर में
(D) दिल्ली नगर में

72. 'श्वशुरः' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) श्वश्रूः
(B) श्वशुरी
(C) श्वशुरा
(D) श्वशुराणी

73. 'सर्वतः' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) त्रल्
(B) तसिल्
(C) तल्
(D) ल्यप्

74. 'शतृ' प्रत्यय से कौन-सा पद बना है ?

(A) गच्छन्
(B) पाठम्
(C) ध्यानम्
(D) पेयम्

75. 'पिता' किस शब्द का रूप है ?

(A) पितृन्
(B) पितृ
(C) पितु
(D) पितरम्

76. पुँल्लिंग आकारान्त शब्द निम्न में से कौन-सा है ?

(A) लता
(B) गीता
(C) विश्वपा
(D) रक्षिता

77. 'वारण' ( रोकना ) अर्थवाले धातुओं के प्रयोग में इच्छित वस्तु में प्रयुक्त कारक है

(A) कर्म
(B) करण
(C) सम्प्रदान
(D) अपादान

78. काल और मार्ग के अत्यन्त संयोग रहने पर कालवाचक और मार्गवाचक शब्द में कौन-सी विभक्ति होती है ?

(A) पञ्चमी

(B) तृतीया

(C) द्वितीया

(D) षष्ठी

79. किस समास का पहला पद विशेषण होता है ?

(A) बहुव्रीहि

(B) तत्पुरुष

(C) कर्मधारय

(D) द्विगु

80. 'उ + अ' के मेल से कौन वर्ण बनेगा ?

(A) ओ

(B) व

(C) य

(D) अव्

81. 'आतप' का अर्थ क्या है ?

(A) धूप

(B) आग

(C) उष्ण

(D) शीत

82. राम प्रवेश राम किसको जीवन की परम गति मानकर अध्ययन में जुट गया ?

(A) शिक्षा

(B) धर्म

(C) काम

(D) भक्ति

83. 'पुस्तकागार' का पर्याय क्या है ?

(A) पुस्तकालय

(B) सचिवालय

(C) शस्त्रागार

(D) अन्नागार

84. पराक्रम किसका नाश करता है ?

(A) अनर्थ का

(B) अलक्षण का

(C) क्रोध का

(D) अकीर्त्ति का

85. धर्म की रक्षा किससे होती है ?

(A) योग से

(B) वृत्ति से

(C) सत्य से

(D) मृजया से

86. महाभारत के उद्योगपर्व से निम्न में से कौन-सा पाठ संकलित है ?

(A) कर्णस्य दानवीरता

(B) शास्त्रकाराः

(C) मन्दाकिनीवर्णनम्

(D) नीतिश्लोकाः

87. शिक्षा के अन्त में गुरु उपदेश देकर शिष्यों को कहाँ भेजते हैं ?

(A) घर

(B) भिक्षाटन के लिए

(C) ज्ञान दान करने के लिए

(D) विवाह संस्कार करने के लिए

88. 'अग्निस्थापन' कर्मकाण्ड किस संस्कार में होता है ?

(A) शिक्षा संस्कार में

(B) नामकरण संस्कार में

(C) पुंसवन संस्कार में

(D) विवाह संस्कार में

89. मृत्यु के बाद कितने संस्कार होते हैं ?

(A) पाँच

(B) एक

(C) छः

(D) तीन

90. संस्कार कितने हैं ?

(A) सोलह

(B) चार

(C) छः

(D) चौंसठ

91. 'भारतमहिमा' पाठ में कितने पद्य हैं ?

(A) दो
(B) पाँच
(C) आठ
(D) तीन

92. 'गिरि + ईशः' से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) गिरिशः
(B) गिरेशः
(C) गिरीशः
(D) गीरीशः

93. 'जगन्नाथः' का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(A) जगन् + नाथः
(B) ज़गत + नाथः
(C) जग + न्नाथः
(D) जगत् + नाथः

94. किस समास के दोनों पदों में एक ही विभक्ति तथा वचन होती है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) कर्मधारय
(C) बहुव्रीहि
(D) तत्पुरुष

95. 'तपोधनम्' में कौन-सा समास है ?

(A) कर्मधारय
(B) बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष
(D) अव्ययीभाव

96. 'प्राचीनकालात्' का विग्रह क्या होगा ?

(A) प्राचीनतम् कालम्

(B) प्राचीनम् च तत् कालम्

(C) प्राचीनः चासौ कालः तस्मात्

(D) प्राचीनम् चासौ कालः तस्मिन्

97. 'नीरोगः' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) नि

(B) निस्

(C) निर्

(D) वि

98. 'गायति' में कौन-सी धातु है ?

(A) गम्

(B) गै

(C) गण्

(D) गद्

99. 'क्रीडामि' किस धातु का रूप है ?

(A) क्रीड्

(B) कृ

(C) क्री

(D) क्रम्

100. 'चल् + क्त्वा' से कौन-सा पद बनेगा ?

(A) चलित्वा

(B) चलनम्

(C) चलितम्

(D) चलन्

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

### अपठित गद्यांश ( 13 अंक )

1. अधोलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :

(अ) रामायणं मम प्रियपुस्तकम् । भगवतो मर्यादापुरुषोत्तमस्य श्रीरामचन्द्रस्य पावनं चरितं रामायणे वर्णितम् अस्ति । अस्य लेखकः महर्षिः वाल्मीकिः आसीत् । तस्य रचना 'आदिकाव्यम्' इति विदुषां मतम् । अत एव वाल्मीकिः आदिकविः आसीत् । रामायणम् अनुष्टुप्-छन्दसि लिखितम् । अस्मिन् श्लोकसंख्या चतुर्विंशतिसहस्रम् वर्तते । अस्मात् कारणात् रामायणं महाकाव्यं 'चतुर्विंशति-साहसी-संहिता' इत्युच्यते विद्वद्भिः ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 =

(क) मम प्रियपुस्तकं किम् ?

(ख) आदिकविः कः आसीत् ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) रामायणे किं वर्णितम् अस्ति ?

(ख) विद्वद्भिः रामायणं किम् उच्यते ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

**अथवा**

दिल्लीनगरे गणतन्त्रदिवसः विशेष महोत्सवरूपेण मान्यते । भारतस्य राजधान्याम् अयम् उत्सवः इण्डियागेट इति नामके स्थाने भवति । अस्य आयोजनं भारतसर्वकारेण क्रियते । राष्ट्रपति महोदयः राजकीयरथम् आरुह्य विशाल जनसमूहस्य मध्ये समायाति राष्ट्रध्वजं च उत्तोलयति । स्थल-जल-नभ सैनिकाः सैनिकरीत्या तं नमस्कुर्वन्ति । ततः एकस्यां शोभायात्रायां सशस्त्र-सैनिकाः, सैनिकवाद्यानि, टैंक-तोपादि-युद्धास्त्राणि, प्रान्तीय वेषभूषादिषु भूषिताः स्वरूपरचनाः शारीरिक-प्रदर्शनं कुर्वन्तः विविधानां विद्यालयानां छात्राः, नर्तकाः गायकाश्च सम्मिलन्ति ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) कुत्र गणतंत्रदिवसः विशेष महोत्सवरूपेण मान्यते ?

(ख) राजकीयरथम् आरुह्य कः समायाति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत - 2 × 2 = 4

(क) के राष्ट्रपतिं नमस्कुर्वन्ति ?

(ख) शोभायात्रायां के के सम्मिलन्ति ?

III. अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत । 1

(ब) अधुना यातायातम् अत्यन्तं सुकरं वर्तते । विविधानि जल-स्थल-वायु-मार्ग-यानानि स्थानात् स्थानं प्लवन्ते, यान्ति उड्डयन्ति च । आकाशवाणी-दूरवीक्षण-छाया-चित्र-चित्रपट्टादीनि मनोरंजन-साधनानि हस्तगतानि तिष्ठन्ति । अधुना तु संचार-साधनानां कृते उपग्रहाणां प्रयोगोऽपि क्रियते । उपग्रहस्य आविष्कारेण मानवः अन्यग्रहेषु पदं विधातुं कटिबद्धः वर्तते ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) अधुना अत्यन्तं सुकरं किं वर्तते ?

(ख) कानि उड्डयन्ति ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) उपग्रहस्य आविष्कारेण मानवः किं कर्तुः कटिबद्धः वर्तते ?

(ख) अधुना उपग्रहाणां प्रयोगः किमर्थं क्रियते ?

**अथवा**

कस्यचित् धनिकस्य गृहात् बहिः स्थितः एकः भिक्षुकः श्रुतवान् – 'हे देव ! मह्यं पुत्रं ददातु । अहो अयं तु स्वयमेव याचकः इति चिन्तयित्वा भिक्षुकः अग्रे प्रस्थितः । अन्यस्मिन् गृहे एकः व्यापारी प्रार्थयते स्म – हे भगवति ! मम व्यापारे लाभः भवतु' भिक्षुकः चिन्तितवान् - अरे ! एते तु महत्तरां भिक्षां याचन्ते । अहं तु केवलं भोजनं याचे । अहमेव भाग्यवान् यतः अहं संतुष्टः अस्मि ।

I. एकपदेन उत्तरत – 2 × 1 = 2

(क) भिक्षुकः किं याचते स्म ?

(ख) भगवतीं कः प्रार्थयते स्म ?

II. पूर्णवाक्येन उत्तरत – 2 × 2 = 4

(क) भिक्षुकः आत्मानम् 'भाग्यवान्' कथं मन्यते ?

(ख) किं चिन्तयित्वा भिक्षुकः अग्रे प्रस्थितः ?

## संस्कृते पत्रलेखनम्

( 08 अंक )

2 × 4 = 8

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें :

(i) अपने विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र को एक पत्र संस्कृत में लिखें ।

(ii) विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए प्रधानाध्यापक को एक आवेदन पत्र संस्कृत में लिखें ।

(iii) मित्रों के साथ मनाये गये वनभोज का वर्णन करते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र संस्कृत में लिखें ।

(iv) अपने विद्यालय में आयोजित संस्कृत दिवस समारोह का वर्णन करते हुए पिताजी को एक पत्र संस्कृत में लिखें ।

## संस्कृते अनुच्छेदलेखनम्

**( 13 अंक )**

3. अधोलिखित विषयों में से किसी **एक** पर सात वाक्यों का अनुच्छेद संस्कृत में लिखें : 1 × 7 = 7

(क) अस्माकं विद्यालयः

(ख) शिक्षकदिवसः

(ग) उपनिषद्

(घ) श्रीमद्भगवद्गीता

(ङ) मम प्रिय क्रीडा ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **छः** वाक्यों का अनुवाद संस्कृत में करें : 6 × 1 = 6

(क) गीता गीत गाती है ।

(ख) वह वर्ग में प्रथम है ।

(ग) मैं कलम से लिखता हूँ ।

(घ) पटना में गोलघर है ।

(ङ) जल में मछलियाँ तैरती हैं ।

(च) मोहन आँख से काना है ।

(छ) वह रात-दिन पढ़ता है ।

(ज) ज्ञान ही वास्तविक आँख है ।

(झ) पेड़ से पत्ते गिरते हैं ।

(ञ) रात में वर्षा हुई ।

(ट) विद्यालय के दोनों ओर मार्ग हैं ।

(ठ) हिमालय पर्वतों का राजा है ।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**( 16 अंक )**

5. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें : $8 \times 2 = 16$

(क) 'मङ्गलम्' पाठ में सत्य की विशेषता क्या बताई गई है ?

(ख) किस शब्द से 'पटना' शब्द बना और कब से पाटलिपुत्र पटना हो गया ?

(ग) पटना के किन्हीं पाँच दर्शनीय स्थलों के नाम लिखें ।

(घ) जलते हुए अलसशाला से आलसियों को कैसे निकाला गया ?

(ङ) किनके-किनके संस्मरणों में पाटलिपुत्र का वर्णन है ?

(च) पंडिता क्षमाराव का परिचय दें ।

(छ) 'वरदाम्बिकापरिणय' काव्य की विशेषताओं का वर्णन करें ।

(ज) भारत को जगत का गौरव क्यों कहा गया है ?

(झ) केशान्त संस्कार को गोदान संस्कार क्यों कहते हैं ?

(ञ) भारतीय जीवन में संस्कारों का क्या महत्त्व है ?

(ट) स्त्रियों की विशेष रक्षा क्यों करनी चाहिए ?

(ठ) रामप्रवेश राम नगर के महाविद्यालय में नामांकन कैसे करवाया ?

(ड) अनेक समाजोद्धारकों के साथ स्वामी दयानन्द ने क्या किया ?

(ढ) मुनिगण सूर्य की उपासना कैसे करते हैं ?

(ण) दान किसको देना चाहिए ?

(त) कर्ण के कवच और कुण्डल की क्या विशेषता थी ?